Regarding restoration of stoppage of trains in Banda Parliamentary Constituency

श्री आर. के. सिंह पटेल (बांदा): सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बांदा, चित्रकूट के अंतर्गत उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज जोन के बरगढ़ रेलवे स्टेशन एवं खुरहंड रेलवे स्टेशन में बुंदेलखंड एक्सप्रेस ट्रेन तथा सारनाथ एक्सप्रेस, इन दोनों ट्रेनों का ठहराव था। ये दोनों ट्रेनें कोरोना काल के पहले वहां रुकती थीं। कोरोना काल समाप्त हो गया, ट्रेनें चल गईं, लेकिन ये दोनों ट्रेनें 15159/15160 सारनाथ एक्सप्रेस और 11107/11108 बुंदेलखंड एक्सप्रेस खुरहंड रेलवे स्टेशन पर नहीं रुकती हैं। 11107/11108 और 15205/15206, ये दोनों ट्रेनें कोरोना काल के बाद से बरगढ़ और खुरहंड रेलवे स्टेशन पर नहीं रुक रही हैं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से मांग करता हूं कि इन दोनों ट्रेनों का ठहराव बरगढ़ और खुरहंड रेलवे स्टेशन्स पर कराया जाए, क्योंकि इससे जनता में आक्रोश व्याप्त हो रहा है। मैं दोनों ट्रेनों का ठहराव जल्द से जल्द वहां कराने की मांग करता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद।